Social Justice Union — Govt. Registered — SJU

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक


**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शुक्रवार 13 सितंबर 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 347

## महत्वपूर्ण एवं खास

### दर्दनाक हादसा : केदारनाथ जा रहे श्रद्धालुओं की कार ट्रक से टकराई, 4 की मौत

**मुजफ्फरनगर (आरएनएस)।** दिल्ली-देहरादून हाइवे पर आज सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। जहां ट्रक और कार की टक्कर में 4 लोगों की मौत हो गई। चारों लोग उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जनपद के रहने वाले थे। इस हादसे में कई लोग घायल भी हुए हैं। यह हादसा नई मंडी कोतवाली क्षेत्र में हुआ। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। जानकारी के अनुसार गौंडा कस्बा से बुधवार रात रेडीमेड व्यापारी केदारनाथ के लिए अर्टिगा गाड़ी (एचआर 30 एए 2922) से जा रहे थे। इसमें राहुल कौशिक, जुगल, बबलू वार्ष्णेय, विपिन उर्फ भोला, ग्रीन वार्ष्णेय, राजू व मंगेराम शामिल थे। हादसा सुबह लगभग 4 बजे हुआ। इसमें सभी लोग बुरी तरह घायल हो गए, जिन्हें पुलिस के सहयोग से अस्पताल पहुंचाया गया। इसमें ग्रीन, विपिन, जुगल और राहुल को मृत घोषित कर दिया गया। बबलू समेत 3 लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। वह गाड़ी में पीछे की तरफ बैठे थे। घटना की खबर पाकर पूरा कस्बा शोक में डूब गया है। सभी ने बाजार बंद कर दिए। मृतकों के परिजन मुजफ्फरनगर के लिए रवाना हो गए हैं। जुगल व विपिन की शादी एक वर्ष पहले ही हुई थी।

### तमिलनाडु : मदुरै में महिला छात्रावास में आग लगने से दो की मौत

**चेन्नई (आरएनएस)।** तमिलनाडु के मदुरै जिले के पेरियार बस स्टैंड के पास कटारपालयम में एक महिला छात्रावास में आग लगने से दो महिलाओं की जान चली गई। यह घटना गुरुवार सुबह की है। घटना में पांच अन्य घायल हो गए। उन्हें सरकारी राजाजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक महिलाओं की पहचान परिमाला और सरन्या के रूप में की गई है। पुलिस ने बताया कि हॉस्टल में आग लगने से अत्यधिक धुआं फैल गया और दम घुटने से दोनों महिलाओं की मौत हो गई। पुलिस ने कहा कि आग रसोई में एक रेफ्रिजरेटर में विस्फोट के कारण लगी थी। उन्होंने कहा कि विस्फोट के कारण की जांच की जाएगी। महिलाओं के शवों का पोस्टमार्टम सरकारी राजाजी अस्पताल में किया जाएगा। मदुरै के सामाजिक कार्यकर्ता एम. कन्नदास ने आईएएनएस से बात करते हुए जिला प्रशासन से दुर्घटना की विस्तृत जांच करने की अपील की। उन्होंने कहा कि आग लगने के सभी पहलुओं की जांच की जानी चाहिए। मदुरै नगर पालिका से यह पता लगाने को कहा कि क्या छात्रावास के पास सभी आवश्यक लाइसेंस थे।


### मैनपुरी में भारी बारिश से मकान गिरने की दो घटनाओं में पांच लोगों की मौत

**मैनपुरी (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के मैनपुरी जिले में गुरुवार को भारी बारिश के कारण दो अलग-अलग जगहों पर मकान गिरने से कुल पांच लोगों की मौत हो गई। ये हादसे मैनपुरी के कुरावली और भोगांव में हुए। कुरावली तहसील में दीवार गिरने से एक महिला और एक युवक की मौत हो गई। भोगांव तहसील में दो मासूम बच्चों और एक युवक की दबकर मौत हो गई। पांचों शवों को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एडीएम राम जी मिश्रा ने बताया, जनपद से प्राप्त जानकारी के मुताबिक, तहसील कुरावली में एक सूचना प्राप्त हुई, जहां दो लोगों की मृत्यु हुई। इनमें एक महिला और एक युवक शामिल है। इसी तरह तहसील भोगांव में तीन लोगों की मौत हुई, जिनमें दो बच्चे और एक युवक शामिल है। हादसे में जान गंवाने वालों के परिजनों को पांच लाख रुपये की धनराशि दी जाएगी। स्थानीय निवासी सुनील कुमार ने बताया, मुझे सुबह पौने छह बजे इस घटना के बारे में जानकारी मिली थी। सूचना मिलने के बाद मैं मौके पर पहुंचा, तो देखा कि दो लोग दबे हुए थे। इसमें बच्चे भी शामिल थे, जिन्हें निकाल लिया गया था। इन दोनों बच्चों को खुद अपने सामने निकलवाया था, तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। उन्होंने बताया, कच्ची दीवार के ऊपर छप्पर पड़ा था। पहले दीवार गिरी। उसके बाद छप्पर गिरा, जिसके नीचे दबकर दोनों की मौत हो गई। बारिश की वजह से यह दीवार गिर गई। घर के मलबे के नीचे दबे तीनों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे का शिकार होकर जान गंवाने वाले मृतकों के परिजनों के घर में शोक का माहौल है। सभी का रो-रो कर बुरा हाल है। शुभचिंतक मृतकों के परिजनों को सांत्वना दे रहे हैं।

जम्मू-कश्मीर

# कठुआ में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़, जैश-ए-मोहम्मद के 2 टॉप कमांडर ढेर

**कठुआ । आरएनएस**



जम्मू रीजन के कठुआ जिले में सुरक्षा बलों ने आतंकवाद के खिलाफ बड़ी सफलता प्राप्त की है। सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में जैश-ए-मोहम्मद के दो प्रमुख आतंकियों को मार गिराया है। इन आतंकवादियों के पास से एक एम-4 राइफल, एक एके सीरीज की राइफल, गोला-बारूद, और खाद्य सामग्री बरामद की गई है। मुठभेड़ अभी भी जारी है और ऑपरेशन खंडारा इलाके में चल रहा है।

सुरक्षा बलों की विभिन्न टीमों द्वारा जम्मू रीजन में आतंकवादियों की तलाश और उनका खात्मा लगातार जारी है। भारतीय सेना, सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस की संयुक्त टीमें इस ऑपरेशन को अंजाम दे रही हैं।

खंडारा इलाके में आतंकवादियों की उपस्थिति की जानकारी मिलने पर सुरक्षाबलों ने इलाके को घेर लिया। आतंकवादियों ने घिरे होने पर फायरिंग की, जिससे मुठभेड़ शुरू हो गई। कई घंटे तक चले इस संघर्ष में सुरक्षाबलों ने दोनों आतंकवादियों को मार गिराया।

कठुआ जिले के इस संवेदनशील क्षेत्र में सुरक्षाबलों को यह बड़ी कामयाबी मिली है। बारिश और कठिन परिस्थितियों के बावजूद, सुरक्षाबलों ने आतंकवादियों तक पहुंचने और उनका खात्मा करने में सफलता प्राप्त की है।

जैश-ए-मोहम्मद के इन टॉप कमांडरों का खात्मा सुरक्षाबलों के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। सीमा पार से जम्मू रीजन को अशांत करने और दहशत फैलाने की लगातार साजिशें चल रही हैं, जिनमें पाकिस्तान की ओर से आतंकवादियों को समर्थन मिल रहा है। जम्मू रीजन में कई आतंकवादी सक्रिय हैं, जिनका सुरक्षाबल लगातार मुकाबला कर रहे हैं।

## दतिया में किले की 400 साल पुरानी दीवार गिरी, 7 लोगों की मौत, मची चीख पुकार



**दतिया । आरएनएस**

तेज बारिश से खलकापुरा में पुराने फिल्टर के पास राजगढ़ किले की दीवार कुछ मकानों पर गिर गई। जिसमें 9 लोग मलबे में दब गए। दीवार ढहने से 7 लोगों की मौत हो गई है। मृतकों में एक ही परिवार के 5 सदस्य शामिल हैं।

वहां मौजूद लोगों ने बताया कि उन्हें तेज आवाज आई थी। जिसके बाद वह अपने घरों से बाहर आ गए और देखा कि किले की दीवार गिर गई है। मलबे में दबे दो लोगों को तत्काल बाहर निकालकर अस्पताल भेजा गया। रेस्क्यू ऑपरेशन में मलबे से 7 शव निकाले गए। कलेक्टर संदीप मकीन ने घटना पर दुख जताते हुए बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मृतकों के परिजन को 4-4 लाख रुपए आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है।

करीब 400 साल पुरानी थी किले की दीवार

पीताम्बर माई के दर दतिया में गुरुवार को हुए दिलदहलाने वाले हादसे ने प्रशासन की सजगता पर प्रश्न खड़े कर दिये हैं। जानकारी के अनुसार किले की दीवार करीब 400 साल पुरानी थी।

## दर्दनाक हादसा : कार और ट्रक के बीच भीषण भिड़ंत, एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मौत

**चेन्नई । आरएनएस**




तमिलनाडु के कुड्डालोर जिले में विल्लुपुरम-नागापट्टिनम राष्ट्रीय राजमार्ग पर चिदम्बरम पी. पुतलूर बाहरी रिंग रोड पर गुरुवार सुबह एक कार और ट्रक के बीच भीषण भिड़ंत हो गई। इस हादसे में एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मौत हो गई। मृतकों में दो महिलाएं और एक दो वर्षीय बच्चा भी शामिल है।

सूत्रों ने कहा कि ट्रक चिदंबरम से कुड्डालोर जा रहा था और कार में सवार पीड़ित चेन्नई के एक अस्पताल में इलाज करा रहे अपने रिश्तेदार को देखने के बाद मयिलादुथुराई जिले के कुथालम जा रहे थे, तभी यह हादसा हुआ।

मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया गया है। तेज गति के कारण हुए टक्कर का प्रभाव ऐसा था कि कार एक टूटी-फूटी ढेर में तब्दील हो गई। जानकारी के अनुसार, कार चालक को नींद आ गई थी, जिससे यह हादसा हुआ। ट्रक चालक घटनास्थल से फरार हो गया और उसे पकडऩे के लिए तलाश जारी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मैं इस्तीफा देने के लिए तैयार..

## सीएम ममता बनर्जी का कोलकाता रेप मर्डर मामले में बड़ा ऐलान

**नई दिल्ली । आरएनएस**




कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में पिछले महीने ट्रेनी डॉक्टर की रेप के बाद हत्या के मामले में हड़ताल कर रहे जूनियर डॉक्टरों से राज्य सरकार की बातचीत फिर नहीं हो सकी। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी हड़ताली डॉक्टरों से बातचीत करने के लिए दो घंटे तक इंतजार करती रहीं लेकिन डॉक्टर बातचीत करने नहीं आए। इस गतिरोध पर ममता बनर्जी ने कहा है कि वह लोगों की खातिर मैं इस्तीफा देने को तैयार हूं।

सीएम ममता ने कहा कि आरजी कर अस्पताल की डॉक्टर की हत्या मामले में मैं भी भी न्याय चाहती हूं। मुख्यमंत्री ने कहा, मैं लोगों की खातिर मैं इस्तीफा देने को तैयार हूं। उन्होंने कहा, मैं बंगाल के लोगों से माफी मांगती हूं, जिन्हें उम्मीद थी कि आज आरजी कर गतिरोध खत्म हो जाएगा। इससे पहले हड़ताली डॉक्टरों ने बैठक की लाइव स्ट्रीमिंग करने की मांग करते हुए मुख्यमंत्री के साथ मीटिंग करने से इनकार कर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने जूनियर डॉक्टरों से मिलने के लिए आज भी दो घंटे तक इंतजार किया, लेकिन वे बैठक स्थल पर नहीं आए। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि आरजी कर मामले में गतिरोध को समाप्त करने के लिए उन्होंने जूनियर डॉक्टरों से बातचीत करने की तीन बार कोशिश की। सीएम ने कहा, हमारे पास जूनियर डॉक्टरों के साथ बैठक की वीडियो रिकॉर्डिंग की व्यवस्था थी, हम उच्चतम न्यायालय की अनुमति से इसे उनके साथ साझा कर सकते थे लेकिन चूंकि आरजी कर मामला न्यायालय में विचाराधीन है, इसलिए जूनियर डॉक्टरों की मांग के अनुसार उनके साथ बैठक का सीधा प्रसारण नहीं किया जा सकता है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने साफ शब्दों में कहा कि वह आंदोलनकारी जूनियर डॉक्टरों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा, उन्हें माफ कर दूंगी क्योंकि हम बड़े हैं। मुख्यमंत्री ने ये भी बताया कि जूनियर डॉक्टरों के 'काम बंद' करने से 27 लोगों की मौत हुई है और राज्यभर में सात लाख मरीज परेशान हुए हैं।

## नहीं मिली सीएम केजरीवाल को जमानत, अब सुप्रीम कोर्ट आज सुनाएगा फैसला

**नई दिल्ली । आरएनएस**



उच्चतम न्यायालय दिल्ली आबकारी नीति कथित घोटाले से संबंधित केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के मुकदमे में तिहाड़ जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत की मांग और इसी मामले में गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली उनकी याचिकाओं पर शुक्रवार 13 सितंबर को अपना फैसला सुनाएगा।

शीर्ष अदालत की बेवसाइट के मुताबिक न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ अपना फैसला सुनाएगी। याचिकाकर्ता केजरीवाल की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी और सीबीआई की ओर से पेश एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू की घंटों दलीलें के बाद पीठ ने पांच सितंबर को सुनवाई पूरी होने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। आम आदमी पार्टी के प्रमुख केजरीवाल ने सीबीआई मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय की ओर से 05 अगस्त को अपनी याचिकाएं ठुकरा दिए जाने के बाद शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था। दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 (जो विवाद के बाद रद्द कर दी गई) के कथित और अनियमितताओं के मामले में केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 21 मार्च और सीबीआई में 26 जून 2024 को आरोपी मुख्यमंत्री केजरीवाल को गिरफ्तार किया था। सीबीआई की गिरफ्तारी के समय वह ईडी के मुकदमे में न्यायिक हिरासत में थे।

सीबीआई ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के मुकदमे में मार्च से न्यायिक हिरासत में बंद आरोपी मुख्यमंत्री केजरीवाल को विशेष अदालत की अनुमति के बाद 25 जून को पूछताछ और फिर 26 जून को गिरफ्तार किया था। शीर्ष अदालत ने आबकारी नीति कथित घोटाले से संबंधित धन शोधन के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से दर्ज मुकदमे में केजरीवाल को 12 जुलाई को अंतरिम जमानत दे दी थी। यदि सीबीआई की ओर से जून में मुकदमा दर्ज नहीं किया गया होता तो वह जेल से रिहा कर दिए गए होते। शीर्ष अदालत ने इससे पहले लोकसभा चुनाव के दौरान भी उन्हें अंतरिम जमानत दी थी।

आबकारी नीति बनाने और उसके कार्यान्वयन में की गई कथित अनियमितताओं के आरोप के आधार पर केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने 17 अगस्त 2022 को एक आपराधिक मुकदमा दर्ज किया था। इसी आधार पर ईडी ने 22 अगस्त 2022 को धनशोधन का मामला दर्ज किया था। शुरू में मुख्यमंत्री केजरीवाल का नाम आरोपियों में नहीं था। सीबीआई मामले में शीर्ष अदालत के समक्ष सुनवाई के दौरान केंद्रीय जांच एजेंसी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू ने मुख्यमंत्री केजरीवाल को जमानत दिए जाने की दलीलों का पुरजोर विरोध करते हुए कहा था कि अधिनस्थ अदालत को दरकिनार करने की अनुमति केवल असाधारण परिस्थितियों में ही दी जा सकती है। इस पर केजरीवाल पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता सिंघवी ने दलील दी थी कि सीआरपीसी की धारा 41ए के तहत आरोपी को नोटिस जारी करने के संबंध में वर्तमान याचिका में उठाए गए आधारों पर हिरासत के दौरान बहस की गई थी। इसके बाद विशेष अदालत ने उसे खारिज कर दिया था।

## 70 साल से अधिक उम्र वालों का भी बनेगा आयुष्मान कार्ड, 6 करोड़ बुजुर्गों को मिलेगा फायदा

**नई दिल्ली । आरएनएस**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट ने 70 साल या उससे अधिक उम्र के सभी बुजुर्गों के लिए आयुष्मान भारत योजना के तहत आयुष्मान कार्ड जारी करने का निर्णय लिया है। इस फैसले के तहत 12.3 करोड़ परिवारों को लाभ होगा, और इससे लगभग 6 करोड़ बुजुर्गों को फायदा पहुंचेगा।

आयुष्मान भारत योजना के तहत पात्र व्यक्तियों को प्रति वर्ष पांच लाख रुपए तक का स्वास्थ्य बीमा कवर प्रदान किया जाएगा। इस पहल से बुजुर्गों को चिकित्सा सुविधाओं का लाभ मिलेगा और उनकी स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं को दूर किया जा सकेगा।

ऐसे परिवार जो पहले से आयुष्मान भारत योजना का हिस्सा हैं, उनके परिवार में अगर एक भी व्यक्ति 70 साल से अधिक आयु का है, तो उनको 5 लाख रुपए प्रति साल तक का अतिरिक्त टॉप-अप मिलेगा। ये शेयर्ड हेल्थ कवर होगा। ऐसे परिवार जो मौजूदा समय में आयुष्मान भारत योजना के दायरे में नहीं आते हैं। उनमें 70 साल से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों को इसमें शामिल किया जाएगा और उन्हें हर साल के लिए 5 लाख रुपए का शेयर्ड कवर मिलेगा।

## अहमदाबाद से गांधीनगर तक मेट्रो सर्विस का उद्घाटन करेंगे पीएम मोदी

**गांधीनगर । आरएनएस**



गुजरात के दो प्रमुख शहर अहमदाबाद और गांधीनगर मेट्रो से जुड़ गए हैं। गुजरात मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (जीएमआरसी) ने केंद्र और गुजरात सरकार के सहयोग से अहमदाबाद-गांधीनगर मेट्रो रेल परियोजना के दूसरे चरण का निर्माण पूरा कर लिया है। दोनों शहरों के बीच मेट्रो 16 सितंबर से चलेगी।

नए फेज में जीएनएलयू, पीडीईयू, जीआईएफटी सिटी और गांधीनगर के सेक्टर-1 जैसे महत्वपूर्ण स्थान मेट्रो से जुड़ जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गांधीनगर सेक्टर-1 में होने वाले एक समारोह में नए फेज का उद्घाटन करेंगे।

फेज-2 एक्सटेंशन मोटेरा से गांधीनगर तक 21 किलोमीटर की दूरी को कवर करेगा। इसमें जीआईएफटी सिटी तक पहुंचने के लिए एक अलग कॉरिडोर होगा। इससे स्थानीय लोगों, प्रोफेशनल्स और छात्रों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी।

मेट्रो यात्रा के समय को काफी कम कर देगी। अहमदाबाद से गांधीनगर तक एक घंटे में पहुंचना संभव हो जाएगा। इसके अलावा वाहनों से होने वाला उत्सर्जन, ट्रैफिक और प्रदूषण कम होगा। नए फेज के शुरू होने से एपीएमसी (वासना) से गांधीनगर सेक्टर-1 तक 33.5 किलोमीटर की यात्रा में 65 मिनट लगेंगे और किराया मात्र 35 रुपए होगा। यह टैक्सी या ऑटो-रिक्शा की तुलना में काफी सस्ता ऑप्शन है, जिनसे इस दूरी की यात्रा के लिए 375 रुपए से अधिक का किराया देना पड़ता है।

मेट्रो फेज-2 की शुरुआत से स्थानीय अर्थव्यवस्था पर एक सकारात्मक प्रभाव पडऩे की उम्मीद है। मेट्रो सेवा शुरू होने से जीआईएफटी सिटी और इन्फोसिटी जैसे कमर्शियल केंद्रों तक पहुंच आसान होगी। नए मेट्रो स्टेशनों के आसपास रियल एस्टेट के कारोबार को बढ़ावा मिलेगा। बेहतर कनेक्टिविटी के कारण, रेजिडेंशियल और कमर्शियल यूनिट की मांग में वृद्धि होने की उम्मीद है।

## पीएम मोदी ने भारतीय पैरा-एथलीटों से की मुलाकात

**नई दिल्ली । आरएनएस**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को पेरिस पैरालंपिक से लौटे भारतीय दल से अपने आवास पर मुलाकात की। इस बार भारतीय एथलीटों ने टोक्यो के रिकॉर्ड प्रदर्शन को पीछे छोड़ते हुए वैश्विक मंच पर अपनी छाप छोड़ी और पैरालंपिक में देश के लिए अब तक के सर्वोच्च पदक जीतकर इतिहास रचा।

भारत ने 7 स्वर्ण, 9 रजत और 13 कांस्य पदक के साथ कुल 29 पदकों के साथ पदक तालिका में 18वां स्थान हासिल किया। इस दल ने 2020 टोक्यो पैरालंपिक (कुल मेडल 19) में भारत द्वारा बनाए गए अब तक के सर्वश्रेष्ठ पदकों के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। पैरालंपिक खेलों में दो स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनी अवनि लेखरा ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच1 शूटिंग स्पर्धा में विश्व रिकॉर्ड स्कोर के साथ अपना खिताब बरकरार रखते हुए पीएम मोदी को अपनी जर्सी भेंट की। इस पर लिखा था, आपके समर्थन के लिएज् धन्यवाद सर।

इसके अलावा, प्रधानमंत्री मोदी ने कपिल परमार के कांस्य पदक पर साइन किए, जो उन्होंने पैरा जूडो पुरुषों की 61 किग्रा जे1 श्रेणी में जीता था। फ्रांस की राजधानी में 28 अगस्त से 8 सितंबर तक आयोजित पेरिस 2024 पैरालंपिक में रिकॉर्ड 84 पैरा-एथलीटों ने भारत का प्रतिनिधित्व किया। भारत ने 12 खेलों में भाग लिया, जो टोक्यो 2020 से तीन ज्यादा है। ये तीन नए खेलों में – पैरा साइक्लिंग, पैरा रोइंग और ब्लाइंड जूडो शामिल था। भाला फेंक के दिग्गज सुमित अंतिल ने पैरालंपिक में अपना खिताब बचाने वाले पहले भारतीय पुरुष के रूप में इतिहास रच दिया। उन्होंने पुरुषों की भाला फेंक एफ64 में 70.59 मीटर की शानदार थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता, जो एक नया पैरालंपिक रिकॉर्ड है। उन्होंने टोक्यो 2020 पैरालंपिक में बनाए गए अपने पिछले रिकॉर्ड को पेरिस में तीन बार तोड़ा। हरविंदर सिंह भारत के पहले पैरालंपिक तीरंदाजी चैंपियन बने।